बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
**पशुपालन निदेशालय**
विकास भवन, नया सचिवालय, पटना-15

बिहार सरकार

**पत्रांक– 10 नि० (क्रय) 02/2024 ........................................ दिनांक– ......................................../2025**

प्रेषक,

डॉ० रजनी रमण श्रीवास्तव,
अपर निदेशक (प० उ०)।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन, बिहार।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।

**विषय :– पशु चिकित्सालयों/औषधालयों/एम्बुलेट्री भान में दैनिक उपयोग हेतु पशु दवाओं के क्रय के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना (पशुपालन) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में शेष पशु दवाओं के विभिन्न पैकिंग विशिष्टता के आधार पर कुल 75 पशु दवाओं के क्रय हेतु दर/आपूर्तिकर्त्ता के निर्धारण के लिये प्रकाशित निविदा के आलोक में 15 पशु दवाओं (पैकिंग विशिष्टता सहित) के लिये दर/आपूर्तिकर्त्ता का निर्धारण निम्नवत् किया गया है :–

| क्र० सं० | Veterinary Medicine का नाम | पैकिंग | Make/Brand | Final Offered Price Per Unit (अन्य व्यय सहित) | फर्म का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Meloxicam and Paracetamol Injection | 30 ml | MELONEX PLUS | Rs. 24.40 | **Intas Pharmaceuticals Limited**, Corporate House, Nr. Sola Bridge, S.G. Highway, Thaltej, Ahmedabad-380054, Gujarat. |
| 2 | Ciprofloxacin and Tinidazole Suspension (60 ml) | - | CFLOX TZ | Rs .34.40 | |
| 3 | Enrofloxacin (Long Acting) Injection. (100mg/ml) | 30 ml. vial | FLOBAC SA | Rs. 78.40 | |
| 4 | Ivermectin tab 10 mg. | – | NEOMEC TAB | Rs. 1.84 | |
| 5 | Diminazine-Diacetuarate Injection (R.T.U.) 30 ml vial. | 30 ml | NILBERY | Rs. 78.40 | |
| 6 | Imidocarb Dipropionate Injection (120mg/ml) | 10 ml | IMIZET | Rs. 78.40 | |
| 7 | Buparvaquone Injection (50mg/ml) | 20 ml | ZUBION | Rs. 344.40 | |
| 8 | Isoflupredone Acetate Injection | 10 ml | INEROL | Rs. 38.40 | |
| 9 | Dextrose 20% with electrolyte Injection | 500 ml | INTALYTE | Rs. 48.40 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Chelated Mineral Mixture | 1 Kg | KALVIMIN GOLD | Rs. 99.73 | **Karnataka Antibiotics & Pharmaceuticals Limited,** Arka The Business Center, Plot No.-37, Site No.-34/4, NTTF Main Road, 2nd Phase, Peenya Industrial Area, Bengaluru-560058. |
| 11 | Dicyclomine Hydrochloride Injection | 30 ml | RIDALPIN INJ. (VET) | Rs. 25.95 | |
| 12 | Albendazole bolus 3 gm. | - | ALBIDOL 3 GM | Rs. 10.80 | **Concept Pharmaceuticals Ltd.,** 801B, Hubtown Solaris, N.S. Phadke Road, Andheri (E). Mumbai-400069, India. |
| 13 | Dexamethasone Injection | 10 ml | CURADEX 10 ML | Rs. 15.35 | |
| 14 | B. Complex Injection(with atleastVit. B1, B2, B6 & B12) | 30 ml | CONCIPLEX | Rs. 34.00 | |
| 15 | Post bite Anti Rabies Vaccine | 1 ml | Centralised purchase order will be placed for this item. | | **Brilliant Bio Pharma Private Limited**, 6-2-1012, T.G.V. Mansion, 5th Floor, Khairatabad, Hyderabad - 500 004. |

2– क्रय समिति एवं प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की बैठक में उपरोक्त तालिका में अंकित Veterinary Medicines का उनके नाम के सामने अंकित पैकिंग विशिष्टता में आपूर्ति के लिए चयनित फर्मों एवं उनके द्वारा अंकित Final offered price per unit (अन्य व्यय सहित) को अनुमोदित किया गया है। फर्म द्वारा अंकित Final offered price per unit (अन्य व्यय सहित) के अतिरिक्त अद्यतन Applicable tax rate लागू होगा।

3– उपर्युक्त वर्णित पशु दवाओं के आपूर्ति हेतु चयनित फर्मों से एकरारनामा तथा एकमुश्त प्रदर्शन जमा राशि (PSD) की प्रक्रिया केन्द्रीयकृत रूप से निदेशालय स्तर पर की गयी है (एकरारनामा की प्रति संलग्न)।

4– उपरोक्त अंकित पशु दवाओं के क्रम संख्या–1 से 14 तक में से अपने जिला के लिए आवश्यकतानुसार पशु दवाओं का क्रय चयनित आपूर्तिकर्त्ता/दर के आलोक में किया जाय। पशु दवाओं के क्रय के क्रम में संगत **निविदा की शर्त्तों एवं एकरारनामा की शर्त्तों** का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। तदालोक में **आपूर्ति आदेश, एकरारनामा एवं निविदा शर्त्तों के आलोक** में भुगतान की कार्रवाई की जाय।

5– उपरोक्त अंकित पशु दवाओं के क्रम संख्या–15 पर अंकित Post bite Anti Rabies Vaccine का क्रय केन्द्रीयकृत रूप से किया जायेगा एवं जिलों को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– विभिन्न चयनित आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा दर निर्धारित पशु दवाओं के संबंध में जिला पशुपालन पदाधिकारियों/विभाग द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी से आपूर्ति आदेश प्राप्त करने, तत्संबंधी आपूर्ति करने

एवं आपूरित दवा का भुगतान प्राप्त करने के साथ–साथ वांछित अभिलेख/दस्तावेज जमा करने के निमित्त निम्नांकित **Distributor/Agencies** के रूप में प्राधिकृत किया गया है :–

| Sl. No. | Firm Name | Authorised Distributor/Agencies |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | Intas Pharmaceuticals Limited. | GILPA Co. Rastogi House, Gauriya Math, Gandhi Path Jakkanpur, Patna, Bihar - 800001. |
| 2. | Karnataka Antibiotics & Pharmaceuticals Limited | |
| 3. | Concept Pharmaceuticals Ltd. | |

उपर्युक्त वर्णित आपूर्तिकर्त्ता फर्मों के संदर्भ में उनके द्वारा स्तम्भ–3 में प्राधिकृत **Distributor/Agencies** के माध्यम से अपने जिला के लिए आवश्यकतानुसार चयनित पशु दवाओं के क्रय के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई निविदा एवं एकरारनामा के नियम तथा शर्त्तों के आलोक में किया जाय।

7– उपलब्ध आवंटन के आधार पर आवश्यकतानुसार समानुपातिक रूप से पशु दवाओं का क्रयादेश दिया जाय। इस पत्र के निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर सम्पादित एकरारनामा के आलोक में संबंधित आपूर्तिकर्त्ता को पशु दवा आपूर्ति हेतु अधिकतम 15 दिनों का समय देते हुए आपूर्ति आदेश देना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही क्रयादेश/आपूर्ति आदेश की प्रतिलिपि पशुपालन निदेशालय को उपलब्ध करायी जाय।

8– पशु दवाओं की आपूर्ति के समय आपूर्तिकर्त्ता फर्मों से आपूरित पशु दवाओं के प्रत्येक बैच का गुणवत्ता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय। आपूरित पशु दवाओं की गुणवत्ता के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका/शिकायत प्राप्त होने पर पशुपालन निदेशालय को सूचित किया जाय, ताकि आवश्यकतानुसार आपूरित पशु दवाओं के किसी भी बैच के नमूनों को रैण्डम आधार पर संग्रहित कर सक्षम जाँच प्राधिकार के पास गुणवत्ता जाँच हेतु भेजा जा सके।

9– पशु दवाओं के निर्धारित मात्रा में ससमय गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के उपरान्त निविदा एवं एकरारनामा के नियम तथा शर्त्तों के आलोक में ही भुगतान की कार्रवाई की जाय।

10– जिलों के दवा भंडार पंजी आपूरित पशु दवा की स्टॉक इंट्री में आपूर्तिकर्त्ता फर्म के प्रतिनिधि एवं संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी का संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाय।

11– शेष पशु दवाओं जिनका दर/आपूर्तिकर्त्ता का निर्धारण पशुपालन निदेशालय के स्तर से नहीं किया जा सका है, **उन पशु दवाओं का क्रय जिला स्तर पर स्थानीय क्रय समिति के माध्यम से जेम पोर्टल/कोटेशन के माध्यम से नहीं किया जाय।**

विश्वासभाजन
ह०/–
अपर निदेशक (प० उ०)।

ज्ञापांक–10 नि० (क्रय) 02/2024 275 (नि०) / पटना–15, दिनांक– 21/01/2025

**प्रतिलिपि :–** आई०टी० मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने) हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** प्रबंधक, हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमराँव, बक्सर/विशेष उप निदेशक (प०वि०), फ्रोजेन सीमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना/परियोजना निदेशक, बी०एल०डी०ए०, पटना एवं निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/01/2025

अपर निदेशक (प० उ०)।